(b) No coalfields are being developed by the USSR Government. The development will be done by Coal India or Singareni Collieries.

Selected projects in the following coalfields are proposed to be developed with Soviet! assistance : —

1. Jharia Coalfield
2. Raniganj Coalfield
3. Singrauli Coalfield
4. Coalfield in Assam
5. Godavari Coalfield

Soviet assistance involves preparation of feasibility and project reports, preparation of working documents, designers supervision over the projects, training of Indian specialists in USSR, deputation of Soviet specialists to India and supply of equipmon[1] from USSR.

ऊर्जा विकास के लिए एक परिषद का स्थापित किया जाना

938. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ऊर्जा विकास परिषद की स्थापना करने का विचार रखती है ;

(ख) क्या यह परिषद् देश में बिजली के उत्पादन और वितरण के संबंध में सरकार को सलाह देगी;

(ग) ऊर्जा-विकास परिषद का गठन कब तक कर दिया जायेगा;

(घ) क्या सरकार बिजली उत्पादन के लिए गैर-सरकारी क्षेत्र को भी प्रोत्साहन दे रही हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विद्युत् विभाग में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खान) (क) से (ग) जी, हां । परिषद् के गठन के लिए कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।

(घ) और (ङ) विद्युत् उत्पादन में निजी क्षेत्र की जामीदारी के बारे में सरकार की वर्तमान नीति औद्योगिक नीति संकल्प, 1956 के द्वारा नियमित होती है। इस संकल्प में इस बात का उल्लेख किया गया है कि बिजली के उत्पादन और वितरण का भावी विकास का दायित्व एकमात्र राज्य का है। तथापि नई विद्युत् उत्पादन यूनिटों की स्थापना करने में निजी उद्यमियों का सहयोग प्राप्त करने की सम्भावना पर, जबकी राष्ट्रीय हित में ऐसा करना अपेक्षित हो, यह संकल्प कोई रोक नहीं लगाता है । इसी नीति के अनुसरण में सरकार ने वर्तमान निजी स्वामित्व वाली विद्युत् युटिलिटियों में यूनिटों के प्रतिस्थापन/विस्तार की अनुमति दी है। निजी क्षेत्र के उद्योगों को कैप्टिव विद्युत् संयंत्र स्थापित करने की भी अनुमति दी जाती है

किसानों को डीजल पेट्रोल पम्प और गैस एजेन्सियों के आबंटन हेतु प्राथमिकता

939. **श्री सत्य पाल मलिक** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने का कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास हेतु जिन किसानों की जमीनें अर्जित की जायेंगी उनके परिवार के सदस्यों को डीजल, पेट्रोल पम्प और गैस एजेन्सियों के आबंटन के मामले में प्राथमिकता देने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री नवल किशोर शर्मा) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Dismissal of workers in the Margretta fields

940. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that several workers in the Margretta field have either been dismissed or served with notices;